Government of India
Ministry of Water Resources, RD & GR
Monitoring & Appraisal Directorate, Central Water Commission,
Jal Ayog Bhawan, Rajinder Nagar Phase-I, Bantalab, Jammu-181123
Ph. 0191-2597667, E-mail: dircwcjammu@gmail.com

Applications are invited from the eligible candidates for the post of Skilled Work Assistant (SWA) under Work Charged establishment.

| **Post** | **Pay Scale/Pay Level** | **No. of Vacancies** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **SC** | **ST** | **OBC** | **UR** | **Total** |
| Skilled Work Assistant (SWA) | Level-1 Entry Level Pay Rs. 18000/- | 12 | 08 | 25 | 18 | 63 |

The above vacancies are provisional and may change. The post is not suitable for PwD (Persons with Disabilities) candidates. Persons with disabilities need not apply.

**Age Limit:** 18-30 years as on last date of receipt of application. Upper age limit relaxable by 05 (five) years for SC/ST and 03 (three) years for OBC candidates against reserved vacancies only.

**Essential Qualification:** Matriculation or ITI or Equivalent from recognized Board/ University/ Institution.

**Last date of receipt of application:** 22/01/2018.

**Nature of Duties:** i) Any job of assistance/help related to hydrological, meteorological observation, flood forecasting, survey & investigation of water resources projects, snow observation, silt observation, plying of boat, operation of machines, watch and ward, gardening, office upkeep/cleaning etc.

ii) Any other duties assigned by officer in charge.

**Posting:** The above posts are temporary but likely to continue. The posting shall be at the jurisdiction of M&A Directorate, CWC, Jammu i.e. any place in the state of Jammu & Kashmir/ Himachal Pradesh including remote places such as Lahaul & Spiti (HP), Leh (J&K) etc.

**Mode of selection:** The candidates will be selected on the basis of the marks obtained in Matriculation or ITI or Equivalent examination. No Interview will be conducted. Shortlisted candidates shall need to qualify the prescribed skill test/ physical tests.

**How to apply:** Interested candidates fulfilling the above eligibility criteria shall necessarily submit their application ONLINE ONLY. For online application please visit the website www.cwc.nic.in and click on 'Work-charged Recruitment System'. Select preferred region as IBO, Chandigarh and circle office as Monitoring & Appraisal, Jammu. Candidates should carefully read the instructions given in the home page of 'Work-charged Recruitment System' before submission of online form. After submission of online form, the candidates must take a printout of the submitted form, sign on all pages, affixed a passport size photograph (same photograph as used in online application) in the space given / right hand side upper corner of the form and keep this with him/ her for next stage of selection process i.e. skill test/ physical test. Candidates are not required to send this printout to this office but advised to preserve it carefully

as this printout along with any of the below mentioned 'proof of identification' will be an essential documents to appear in skill test/ physical test later.

Proof of identification:

i) Unique Identification Card "Aadhaar".
ii) Voter Photo identity card issued by Election Commission of India.
iii) Passport
iv) PAN Card issued by Income Tax Department.
v) Driving License issued by RTO.
vi) Photo identity card having serial number issued by Central/State Government.
vii) Student Identity Card with photograph issued by recognized School/College for their students.
viii) Nationalized Bank Passbook with photograph.
ix) Credit cards issued by banks with laminated photograph.
x) Photo identity cards having serial number issued by Public Sector Undertaking of State/Central Government, District Administration, Municipal bodies and Penchant Administration.

Candidates already employed in Government/ Semi- Government organizations need not submit 'online application'. They should submit the application on plain paper duly typed as per the online format and forward the same to this office along with documents/ certificates as mentioned in the online application through proper channel superscribing the envelope **"Application for SWA -candidates employed in Govt. / Semi- Govt. organization"**.

**Skill test/ Physical test:** Skill test/ physical test will be conducted to determine physical fitness of the candidates. This test is only of qualifying nature and no marks will be given for this test.

- First stage will consist of running a stretch of 01 Km in 05 minutes for male candidates and 07 minutes for female candidates. The candidates, who will qualify the first stage, would only be allowed to participate in the second stage.
- Second stage will consist of carrying 15 Kg weight for 500 m stretch in 10 minutes for male candidates and 12 minutes for female candidates. The candidates who qualify both the stages would only be considered for final selection.

**Verification of documents:** Verification of documents will be done on the day of skill test/ physical test. Candidates are requested to carry the printout of the application and proof of identification as mentioned above along with following documents in original and a set of photocopy for verification before appearing skill test/ physical test.

i) Proof of age.
ii) Mark sheet/ certificate of educational qualification(s).
iii) Certificate for SC/ST/OBC.
iv) Passport size photograph (one spare copy of same photograph as used in online application).

**Important instructions & General conditions:**

1. Canvassing in any form will lead to immediate disqualification of the candidates.
2. Incorrect/ incomplete applications and/or applications received after due date shall be summarily rejected.

3. No representation/ correspondence on such rejection(s) shall be entertained.
4. Short listing shall be done in 1:3 ratio of number of vacancies based on the percentage of marks obtained in Matriculation/ ITI or equivalent examination after scrutiny of all applications received as on last date. If more than one person is getting equal percentage of marks then the candidates with higher age shall be given preference.
5. Shortlisted candidates shall be called for skill test/ physical tests. No TA/ DA shall be given to the candidates. The list of the shortlisted candidates for skill test/ physical test will be displayed in the website of CWC: www.cwc.nic.in.
6. Final merit list shall be prepared in respect of candidates who have qualified in skill test/ physical tests.
7. Vacancies will be filled as per the available approved reservation roster(s).
8. All legal disputes shall be in the jurisdiction of honourable High Court of J&K state.
9. The final decision on the recruitment rests with the Director, Monitoring and Appraisal Directorate, Central Water Commission, Jammu. No further correspondence from the applicants will be entertained in this regard.
10. No weightage/ preference will be given to the higher qualification(s)/ experience(s).
11. The panel of qualified candidates will be kept for 01 (one) year for consideration and the vacancies arising due to non-joining/ resigning after joining etc. will be filled from the panel as per merit list and as per vacancies.
12. The final list of candidates selected for the post will be displayed in the website of CWC: www.cwc.nic.in.
13. Appointment letters will be issued to the selected candidates as per the available vacancies.

Director.

भारत सरकार
जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय
प्रबोधन एवं मूल्यांकन निदेशालय,
केन्द्रीय जल आयोग,
जल आयोग भवन, राजेन्द्रनगर, बनतालाब, जम्मू–181123
दूरभाषः 0191 2597667 ईमेलः dircwcjammu@gmail.com

कार्य प्रभारी प्रतिष्ठान के अंतर्गत कुशल कार्य सहायक (SWA) पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद | वेतनमान / वेतन स्तर | रिक्तियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | कुल |
| कुशल कार्य सहायक (SWA) | स्तर–1 रु० 18000 / - | 12 | 08 | 25 | 18 | 63 |

उपरोक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और बदल सकती हैं। यह पद दिव्यांगों (पी.डब्ल्यू.डी) के लिये उपयुक्त नहीं है। अतः वे आवेदन ना करें।

**आयु सीमा**ः आवेदक की आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर 18–30 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के मामले में 05 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में 03 वर्ष की छूट दी जायेगी।

**आवश्यक योग्यताः** मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्थान से मैट्रिकुलेशन या आई.टी.आई या समतुल्य

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः** 22.01.2018

**कर्तव्यों की प्रकृतिः** जल विज्ञान और मौसम सम्बंधी प्रेक्षण से सम्बंधित कोई भी कार्य, जल धाराओं का गाद प्रेक्षण, बर्फ की निगरानी, परियोजनाओं के सर्वेक्षण और जांच, नाव चलाने, मशीनों के संचालन, चौकीदारी, बाढ़ की भविष्यवाणी के कार्य, बागवानी, कार्यालय का रख–रखाव / सफाई और प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपे गए कोई भी कार्य को पूरा करने के लिए सम्बंधित सहायता।

**नियुक्तिः** उपरोक्त पद अस्थायी हैं लेकिन जारी रहने की संभावना है। वर्तमान नियुक्ति प्रबोधन एवं मूल्यांकन निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग, जम्मू के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत जम्मू एवं कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश के किसी भी स्थान, जिनमें दूर दराज के क्षेत्र जैसे कि लेह (ज. एवं क.), लाहौल–स्पीती (हि.प्र.) आदि शामिल हैं।

**चयन प्रक्रियाः** उम्मीदवारों को मैट्रिकुलेशन या आई.टी.आई या समतुल्य परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर चुना जाएगा। कोई साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाएगा। चुने गए उम्मीदवारों को निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

**आवदेन कैसे करें:** उपरोक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन केवल ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया वेबसाइट www.cwc.nic.in पर जाएं और 'Work-charged Recruitment System' पर क्लिक करें। पसंदीदा क्षेत्र को "आई.बी.ओ, चंडीगढ़" के रूप में और सर्कल ऑफिस को "प्रबोधन एवं मूल्यांकन, जम्मू" के रूप में चुनें। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवार 'Work-charged Recruitment Systemt' के मुख पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

ऑनलाइन फॉर्म जमा करने के बाद, उम्मीदवारों को भरे हुए फार्म का प्रिंटआउट लेकर, सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर एवं पासपोर्ट आकार की तस्वीर (जो किऑनलाइन आवेदन में भी डाली गयी हो) दिए गए स्थान पर / दाहिनी ओर ऊपरी कोने में चिपका कर चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए सुरक्षित अपने पास ही रख़ना होगा । प्रिंटआउट को इस कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सलाह दी जाती है कि इसे ध्यान से सुरक्षित रखें क्योंकि यह प्रिंटआउट एवं नीचे दिए गए 'पहचान के प्रमाणों में से कोई भी एक शारीरिक दक्षता परीक्षण में उपस्थित होने के लिए आवश्यक दस्तावेज होंगे।

पहचान का प्रमाण:

i) विशिष्ट पहचान पत्र "आधार"

ii) भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदाता फोटो पहचान पत्र

iii) पासपोर्ट

iv) आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड

v) आर.टी.ओ द्वारा जारी ड्राइविंग लाइसेंस

vi) केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा जारी सीरियल नंबर वाला फोटो पहचान पत्र

vii) अपने छात्रों के लिए मान्यता प्राप्त स्कूल / कॉलेज द्वारा जारी किए गए तस्वीर के साथ छात्र पहचान पत्र

viii) फोटो के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक

ix) फोटो के साथ बैंक द्वारा जारी क्रेडिट कार्ड

x) राज्य / केंद्र सरकार, जिला प्रशासन, नगर निकायों और पंचायत प्रशासन के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा जारी सीरियल नंबर वाला फोटो पहचान पत्र

सरकारी / अर्ध-सरकारी संगठनों में नियुक्त उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें ऑनलाइन फॉर्मेट के अनुसार विधिवत टाइप किए गए सादे कागज पर आवेदन जमा करना होगा । इस तरह के आवेदकों को संगठन/ कार्यालय के जरिए (Through Proper Channel) ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित दस्तावेजों / प्रमाण पत्र के साथ इस कार्यालय को भेजना होगा। कृपया लिफाफे के ऊपर "**सरकारी / अर्ध-सरकारी संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों का आवेदन**" लिखकर भेजें ।

**कौशल परीक्षण / शारीरिक दक्षता परीक्षण:** उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता निर्धारित करने के लिए यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा को केवल उत्तीर्ण करना होगा तथा इस परीक्षा के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा। यह परीक्षा निम्न चरणों में होगी-

1. पहले चरण में पुरुष उम्मीदवारों को 01 किलोमीटर की दूरी 05 मिनट में और महिला उम्मीदवारों को 07 मिनट में पूरी करनी होगी। पहले चरण में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को ही दूसरे चरण में भाग लेने की अनुमति होगी।
2. दूसरे चरण में पुरुष उम्मीदवारों को 500 मीटर की दूरी 15 किलोग्राम वजन के साथ 10 मिनट में तथा महिला उम्मीदवारों को 12 मिनट में पूरी करनी होगी। दोनों चरणों में उत्तीर्ण उम्मीदवार ही अंतिम चयन के लिए योग्य होंगे ।

**दस्तावेजों का सत्यापन:** दस्तावेजों का सत्यापन कौशल परीक्षण / शारीरिक दक्षता परीक्षण के दिन किया जाएगा। उम्मीदवारों को आवेदन के प्रिंटआउट और पहचान के प्रमाण को निम्नलिखित मूल दस्तावेजों तथा दस्तावेजों की एक सेट फोटोकॉपी के साथ शारीरिक दक्षता परीक्षण से पहले सत्यापन के लिए जमा करना होगा ।

i) आयु प्रमाण पत्र

ii) शैक्षणिक योग्यता का मार्क शीट / प्रमाण पत्र

iii) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र

iv) पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (जो किऑनलाइन आवेदन में भी डाली गयी हो) की एक अतिरिक्त प्रति

**महत्वपूर्ण निर्देश और सामान्य शर्तें:**

1. किसी भी रूप में की गयी कैनवासिंग से उम्मीदवारों को तत्काल अयोग्य ठहरा दिया जायेगा ।

2. गलत / अपूर्ण आवेदन और / या नियत तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3. इस तरह की अस्वीकृति पर कोई भी अभ्यावेदन / पत्राचार नहीं किया जाएगा।

4. अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों की जांच के बाद मैट्रिक / आई.टी.आई या समतुल्य परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर आवेदकों की एक संक्षिप्त सूची रिक्त पदों की संख्या के अनुसार 1: 3 अनुपात में बनायी जाएगी। यदि एक से अधिक व्यक्ति समान अंक (प्रतिशत में) प्राप्त कर रहा है तो उच्च आयु वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

5. संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को कौशल परीक्षण / शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवारों को कोई टी.ए. / डी.ए. (भत्ता) नहीं दिया जाएगा। कौशल परीक्षण / शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची केन्द्रीय जल आयोग की वेबसाइट www.cwc.nic.in पर प्रदर्शित की जाएगी।

6. अंतिम योग्यता सूची उन उम्मीदवारों के लिए तैयार की जाएगी जो कौशल परीक्षण / शारीरिक दक्षता परीक्षणों में उत्तीर्ण होंगे।

7. रिक्तियां कार्यालय में उपलब्ध "स्वीकृत आरक्षण रोस्टर" के अनुसार भरी जायेंगी।

8. सभी कानूनी विवाद जम्मू-कश्मीर राज्य के माननीय उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में होंगे।

9. भर्ती का अंतिम निर्णय निदेशक, प्रबोधन एवं मूल्यांकन निदेशालय, केंद्रीय जल आयोग, जम्मू के पास सुरक्षित होगा। इस संबंध में आवेदकों से आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

10. उच्च योग्यता / अनुभव को कोई महत्व / प्राथमिकता नहीं दी जाएगी ।

11. योग्य उम्मीदवारों के पैनल को 01 (एक) वर्ष के लिए विचाराधीन रखा जाएगा । सफल आवेदकों के अंतिम चयन के पश्चात शामिल होने , इस्तिफा देने आदि कारणों से पैदा हुई रिक्तियां, मेरिट सूची और रिक्त पदों के अनुसार पैनल से भरी जायेंगी।

12. चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची केन्द्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

13. अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को रिक्त पदों के अनुसार इस कार्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किये जाएँगे।

निदेशक।